**Series S7PQR**

**SET~4**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **63/7**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

[ ]

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# मनोविज्ञान (सैद्धान्तिक)
# PSYCHOLOGY (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* — *अधिकतम अंक : **70***

*Time allowed : **3** hours* — *Maximum Marks : **70***

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं।

Please check that this question paper contains **19** printed pages.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **33** प्रश्न हैं।

Please check that this question paper contains **33** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* जिन प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं, उन्हें छोड़कर **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

*(ii)* **खण्ड क** : प्रश्न संख्या **1** से **14** में प्रत्येक के लिए **1** अंक निर्धारित है। आपसे निर्देशानुसार उत्तर देने की अपेक्षा की जाती है।

*(iii)* **खण्ड ख** : प्रश्न संख्या **15** से **19** तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार-*I* प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए **2** अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

*(iv)* **खण्ड ग** : प्रश्न संख्या **20** से **23** तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार-*II* प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए **3** अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

*(v)* **खण्ड घ** : प्रश्न संख्या **24** से **27** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-*I* प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए **4** अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

*(vi)* **खण्ड ङ** : प्रश्न संख्या **28** से **29** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-*II* प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए **6** अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **200** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

*(vii)* **खण्ड च** : प्रश्न संख्या **30** से **33** तक **दो** व्यक्ति अध्ययनों पर आधारित प्रश्न हैं। इन पर आधारित **1** अंक वाले प्रश्नों की उत्तर सीमा **20** शब्दों और **2** अंक वाले प्रश्नों की उत्तर सीमा **30** शब्दों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

## खण्ड क

**1.** __________ व्यक्तियों की योग्यताओं, व्यवहारों और वैयक्तिक गुणों का मूल्यांकन करने के लिए क्रमबद्ध परीक्षण विधि का उपयोग करता है। *1*

(A) मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन

(B) जैविक मूल्यांकन

(C) संज्ञानात्मक मूल्यांकन

(D) दैहिक मूल्यांकन

***General Instructions :***

*(i)* ***All** questions are **compulsory**, except where internal choice has been given.*

*(ii)* *Question No. **1 – 14** in **Section A** carry **1** mark each. You are expected to answer them as directed.*

*(iii)* *Question No. **15 – 19** in **Section B** are Very Short Answer Type-I Questions carrying **2** marks each. Answer to each question should not exceed **30** words.*

*(iv)* *Question No. **20 – 23** in **Section C** are Very Short Answer Type-II Questions carrying **3** marks each. Answer to each question should not exceed **60** words.*

*(v)* *Question No. **24 – 27** in **Section D** are Long Answer Type-I Questions carrying **4** marks each. Answer to each question should not exceed **120** words.*

*(vi)* *Question No. **28** and **29** in **Section E** are Long Answer Type-II Questions carrying **6** marks each. Answer to each question should not exceed **200** words.*

*(vii)* *Question No. **30 – 33** in **Section F** are based on **two** case studies given. Answer to each **1** mark question should not exceed **20** words. Answer to each **2** marks question should not exceed **30** words.*

## SECTION A

**1.** __________ uses systematic testing procedures to evaluate the abilities, behaviours and personal qualities of individuals. *1*

(A) Psychological assessment

(B) Biological assessment

(C) Cognitive assessment

(D) Physiological assessment

**2.** परिवार संबंधित एक चर्चा के दौरान, रिया अचानक अपनी सबसे अच्छी दोस्त पर भड़क गई, जो शायद उसे "घर पर बहुत अधिक चुप रहने" के लिए हल्के से चिढ़ा रही थी। रिया चिल्लाई, "मेरे परिवार के बारे में बात करना बंद करो!" उसकी इस प्रतिक्रिया ने सभी को हैरान कर दिया, स्वयं उसे भी। बाद में जब उसकी दोस्त ने उससे बात करने की कोशिश की, तो रिया विमूढ़ और शर्मिंदा लग रही थी। वह बार-बार यह कहती रही, "मुझे नहीं पता मैंने ऐसा क्यों किया ?"

रिया के व्यवहार में परिलक्षित होने वाली रक्षा युक्ति की पहचान कीजिए : *1*

(A) दमन

(B) अस्वीकरण

(C) प्रक्षेपण

(D) निर्धारण

**3.** __________ को सकारात्मक माना जाता है और यह व्यक्तियों को बेहतर निष्पादन, उत्साहित अनुभव करने व अधिक उत्पादनकारी बनने के लिए प्रेरित कर सकता है। *1*

(A) व्यथा

(B) तनाव

(C) बर्नआउट

(D) यूस्ट्रेस

**4.** जब कोई व्यक्ति यह मूल्यांकन करता है कि उसके पास किसी कथित दबाव से निपटने के लिए संसाधन या क्षमता है, तो इस प्रक्रिया को ______________ कहा जाता है। *1*

(A) प्राथमिक मूल्यांकन

(B) तृतीयक मूल्यांकन

(C) द्वितीयक मूल्यांकन

(D) संज्ञानात्मक विकृति

**2.** During a discussion about family, Riya suddenly snapped at her best friend who had lightly teased her about being "too quiet at home". Riya shouted, "Just stop talking about my family!" surprising everyone, including herself. Later, when her friend tried to talk to her, Riya appeared confused and embarrassed. She kept repeating, "I do not know why I did that."

Identify the defence mechanism reflected in Riya's behaviour : *1*

(A) Repression

(B) Denial

(C) Projection

(D) Fixation

**3.** __________ is considered positive and can motivate individuals to perform better, feel excited and be more productive. *1*

(A) Distress

(B) Strain

(C) Burnout

(D) Eustress

**4.** When an individual evaluates whether they have resources and abilities to cope with a perceived stressor, this process is called : *1*

(A) Primary appraisal

(B) Tertiary appraisal

(C) Secondary appraisal

(D) Cognitive distortion

5. सूची I में दिए गए विकारों का सूची II में दिए गए संबंधित तंत्रिकासंचारक असंतुलनों के साथ मिलान कीजिए : *1*

| **सूची I (विकार)** | | **सूची II (तंत्रिकासंचारक असंतुलन)** | |
|---|---|---|---|
| a. | दुश्चिंता विकार | i. | निम्न सीरोटोनिन |
| b. | मनोविदलता | ii. | अतिरेक डोपामाइन |
| c. | अवसाद | iii. | निम्न गाबा (GABA) |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) a-i, b-ii, c-iii

(B) a-iii, b-ii, c-i

(C) a-ii, b-i, c-iii

(D) a-iii, b-i, c-ii

6. असामान्य व्यवहार या मनोवैज्ञानिक विकारों को परिभाषित करने वाले "4 डी" में शामिल ***नहीं*** है : *1*

(A) विचलन

(B) कष्ट

(C) खतरा

(D) निदान

7. कार्ल रोजर्स द्वारा प्रस्तावित 'अशर्त सकारात्मक आदर' की भावना इंगित करती है : *1*

(A) किसी व्यक्ति को तभी स्वीकार करना, जब वह सही व्यवहार करें

(B) किसी व्यक्ति के व्यवहार या कमियों की परवाह किए बिना उसका मूल्यांकन करना

(C) आत्मसम्मान बढ़ाने के लिए किसी की अतिशय प्रशंसा करना

(D) अवांछित व्यवहार सुधारने के लिए दंड का उपयोग करना

8. विमुखी अनुबंधन को सर्वाधिक सटीक रूप से इस प्रकार वर्णित किया जा सकता है : *1*

(A) भूमिका प्रतिमान का अनुकरण करते हुए वांछनीय व्यवहार सीखना

(B) लगातार पुरस्कृत कर वांछनीय व्यवहार सुदृढ़ करना

(C) अवांछित व्यवहार को किसी अप्रिय उत्तेजक के साहचर्य से कम करना

(D) मुक्त संवाद और नियमित चर्चा द्वारा आत्म-जागरूकता को बढ़ावा देना

**5.** Match the Disorders in List I with their associated Neurotransmitter imbalances in List II : *1*

| | List I (Disorder) | | List II (Neurotransmitter imbalance) |
|---|---|---|---|
| a. | Anxiety disorder | i. | Low serotonin |
| b. | Schizophrenia | ii. | Excess dopamine |
| c. | Depression | iii. | Low GABA |

Choose the correct answer from the options given below :

(A) a-i, b-ii, c-iii

(B) a-iii, b-ii, c-i

(C) a-ii, b-i, c-iii

(D) a-iii, b-i, c-ii

**6.** The "4 Ds" used to define abnormal behaviour or psychological disorders do ***not*** include : *1*

(A) Deviance

(B) Distress

(C) Danger

(D) Diagnosis

**7.** 'Unconditional positive regard' as proposed by Carl Rogers indicates : *1*

(A) Accepting a person only when they behave correctly

(B) Valuing a person regardless of their behaviour or flaws

(C) Praising someone excessively to boost self-esteem

(D) Using punishment to correct unwanted behaviour

**8.** Aversive conditioning is most accurately described as : *1*

(A) Learning desirable behaviours through imitation of role models

(B) Strengthening desired behaviour by rewarding it constantly

(C) Reducing unwanted behaviour by associating it with an unpleasant stimulus

(D) Encouraging self-awareness through open dialogue and regular discussion

**9.** निम्नलिखित प्रश्न में, अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिह्नित दो कथन दिए गए हैं। कथनों को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए। *1*

*अभिकथन (A) :* रूढ़धारणाएँ अकसर वास्तविकता के तत्त्व से उत्पन्न होती हैं।

*कारण (R) :* "सत्य का आधार तत्त्व" की अवधारणा से पता चलता है कि समूहों के बारे में कुछ सामान्य मान्यताओं के पीछे एक छोटा तथ्यात्मक आधार हो सकता है।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

**10.** स्वत: साधक भविष्योक्ति को सबसे अच्छे तरीके से इस प्रकार वर्णित किया जा सकता है : *1*

(A) नवीन जानकारी के बाद विश्वास परिवर्तन

(B) लक्ष्य समूह इस तरह से व्यवहार करता है कि वह पूर्वाग्रह को प्रमाणित करता है

(C) प्रमाण होने पर भी रूढ़िवादिता को नकारना

(D) किसी की आशाओं के विपरीत व्यवहार करना

**11.** अभिवृत्ति परिवर्तन में, स्रोत विशेषताएँ मुख्य रूप से ______________ पर निर्भर करती हैं। *1*

(A) संदेश विषय की लोकप्रियता

(B) संदेश की लंबाई और अवधि

(C) स्रोत का आकर्षण व विश्वसनीयता

(D) संदेश को कितनी बार दोहराया गया

**9.** In the following question, a statement of Assertion (A) is followed by a statement of Reason (R). Read the statements and choose the appropriate option. *1*

*Assertion (A) :* Stereotypes often originate from an element of reality.

*Reason (R) :* The concept of the "Kernel of truth" suggests that there may be a small factual basis behind some generalized beliefs about groups.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**10.** A self-fulfilling prophecy is best described as : *1*

(A) Changing beliefs after experiencing new information

(B) Target group behaving in ways that justify the prejudice

(C) Rejecting stereotypes even when there is evidence

(D) Behaving in ways opposite to one's expectations

**11.** In attitude change, the source characteristics mainly depend on __________. *1*

(A) Popularity of the message topic

(B) Length and duration of the message

(C) Attractiveness and credibility of source

(D) Number of times the message is repeated

**12.** सूची I का सूची II के साथ मिलान कीजिए : *1*

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| a. | समूह | i. | आवेगशीलता, विचारों की एकरूपता एवं उन्मादी |
| b. | दल | ii. | समान लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता एवं पूरक कौशलों की उपस्थिति |
| c. | असंयत भीड़ | iii. | परस्पर संवाद और साझा पहचान वाले लोगों का समूह |
| d. | भीड़ | iv. | सार्वजनिक स्थलों पर संयोग से एकत्रित बड़ी असंगठित सभा |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) a-iii, b-ii, c-i, d-iv
(B) a-ii, b-iii, c-iv, d-i
(C) a-iv, b-i, c-ii, d-iii
(D) a-i, b-iv, c-iii, d-ii

**13.** निम्नलिखित में से कौन-सा समूह संरचना का विशिष्ट तत्त्व ***नहीं*** हैं ? *1*

(A) प्रतिमान और भूमिकाएँ
(B) भूमिकाएँ और संसक्तता
(C) बुद्धि और समायोजन
(D) प्रतिष्ठा और प्रतिमान

**14.** "अनुरूपता प्रभाव" को सबसे अच्छे तरीके से इस प्रकार समझा जा सकता है : *1*

(A) दूसरों के मतों का विरोध करने की प्रवृत्ति
(B) किसी चीज़ में इसलिए शामिल होना क्योंकि दूसरे भी ऐसा कर रहे हैं
(C) समूह में अलग-थलग महसूस करना
(D) बिना प्राधिकार के एक समूह का नेतृत्व करना

## खण्ड ख

**15.** बुद्धि का द्वि-कारक सिद्धांत एक-कारक सिद्धांत के विपरीत है। स्पष्ट कीजिए। *2*

**16.** (क) आत्म-सक्षमता की धारणा अल्बर्ट बंदूरा (Bandura) के सामाजिक अधिगम सिद्धांत पर आधारित है। मनुष्य के लिए आत्म-सक्षमता का क्या महत्त्व है ? *2*

**अथवा**

(ख) अल्फ्रेड एडलर के जीवन-शैली एवं सामाजिक रुचि संबंधी सिद्धांत ने हमें मानव व्यक्तित्व संबंधी अंतर्दृष्टि प्रदान की है। चर्चा कीजिए। *2*

**12.** Match List I with List II : *1*

| | List I | | List II |
|---|---|---|---|
| a. | Group | i. | Impulsive, homogeneity of thoughts and frenzy |
| b. | Team | ii. | Committed toward common goals and presence of complementary skills |
| c. | Mob | iii. | Collection of people with interaction and shared identity |
| d. | Crowd | iv. | Large unorganised gathering formed by chance in public places |

Choose the correct answer from the options given below :

(A) a-iii, b-ii, c-i, d-iv
(B) a-ii, b-iii, c-iv, d-i
(C) a-iv, b-i, c-ii, d-iii
(D) a-i, b-iv, c-iii, d-ii

**13.** Which of the following are ***not*** a typical element of group structure ? *1*

(A) Norms and roles
(B) Roles and cohesiveness
(C) Intelligence and adjustment
(D) Status and norms

**14.** "The Bandwagon Effect" is best understood as : *1*

(A) The tendency to oppose others' opinions
(B) Joining something because others are also doing it
(C) Feeling isolated in a group
(D) Leading a group without authority

## SECTION B

**15.** The two-factor theory of intelligence is the opposite of the one (uni) factor theory. Explain. *2*

**16.** (a) The notion of self-efficacy is based on Albert Bandura's social learning theory. How is self-efficacy important for human beings ? *2*

**OR**

(b) Alfred Adler's theory of lifestyle and social interest has given us great insights into human personality. Discuss. *2*

17. रिया को बंद जगहों के भय का सामना करने की चुनौती से निपटने के लिए क्रमिक विसंवेदनीकरण तकनीक अपनाने का परामर्श दिया गया। क्रमिक विसंवेदीकरण रिया की सहायता किस प्रकार करेगा ? *2*

18. विशाल स्वास्थ्य-परीक्षण के लिए गया और डॉक्टर ने उसे संज्ञानात्मक व्यवहार चिकित्सा (सीबीटी) करवाने की सलाह दी । सीबीटी चिकित्सा विकारों के उपचार की एक प्रभावशाली विधि है । इसमें अपनाई गई प्रक्रिया को निर्दिष्ट कीजिए। *2*

19. अभिवृत्ति और विश्वास में कभी-कभी भ्रम हो जाता है । एक प्रासंगिक उदाहरण द्वारा विश्वास की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए। *2*

## खण्ड ग

20. हम सब एक ऐसी दुनिया में रहते हैं जहाँ अलग-अलग तरह की घटनाएँ एवं परिस्थितियाँ दबाव उत्पन्न कर सकती हैं। दबाव के सबसे प्रमुख स्रोतों की पहचान कीजिए। *3*

21. मनोवैज्ञानिक विकारों को वर्गीकृत करना महत्त्वपूर्ण है। इसके महत्त्व का औचित्य बताइए। अमेरिकन साइकेट्रिक एसोसिएशन (एपीए) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के इस विषय में योगदान की चर्चा कीजिए। *3*

22. (क) एक उदाहरण की सहायता से स्पष्ट कीजिए कि संज्ञानात्मक विसंवादिता को संज्ञानात्मक संगति में किस प्रकार परिवर्तित किया जा सकता है, जैसा लियोन फेस्टिंगर ने प्रतिपादित किया है। *3*

**अथवा**

(ख) अभिवृत्ति को परिभाषित कीजिए तथा इसके घटकों की व्याख्या कीजिए। *3*

23. लोग विभिन्न कारणों से समूह में शामिल होते हैं। किन्हीं तीन कारणों की पहचान कीजिए। *3*

**17.** Riya was advised to undergo systematic desensitisation to overcome her fear of closed spaces. How will systematic desensitisation help Riya ? *2*

**18.** Vishal went for a health check-up and the doctor recommended Cognitive Behaviour Therapy (CBT). CBT is an effective way of treating disorders. Explain the process involved in this therapy.e *2*

**19.** Attitudes are sometimes confused with beliefs. Explain the concept of beliefs using a relevant example. *2*

## SECTION C

**20.** We all live in a world where a wide range of events and conditions can generate stress. Identify the most prominent sources of stress. *3*

**21.** Classifying psychological disorders is important. Justify its importance. Discuss the contributions of the American Psychiatric Association (APA) and the World Health Organization (WHO) for the same. *3*

**22.** (a) With the help of an example, show how cognitive dissonance can be converted into cognitive consistency as explained by Leon Festinger. *3*

**OR**

(b) Define attitude and explain its components. *3*

**23.** People join groups for various reasons. Identify any three reasons. *3*

## खण्ड घ

**24.** (क) हॉवर्ड गार्डनर ने बहुबुद्धि का सिद्धांत प्रतिपादित किया जिसमें किसी समस्या का समाधान खोजने के लिए भिन्न-भिन्न प्रकार की बुद्धियाँ आपस में अंत:क्रिया करते हुए साथ-साथ कार्य करती हैं। ऐसे चार प्रकारों की पहचान कीजिए तथा उनकी व्याख्या कीजिए। *4*

**अथवा**

(ख) मनोवैज्ञानिक गुण रेखीय अथवा एकविमीय नहीं होते। वे जटिल होते हैं और उन्हें कई विमाओं द्वारा व्यक्त किया जा सकता है। मनोवैज्ञानिक गुणों के किन्हीं चार क्षेत्रों के बारे में विस्तारपूर्वक बताइए। *4*

**25.** आत्म के बारे में भारतीय अवधारणा पाश्चात्य अवधारणा से किस प्रकार अलग है ? *4*

**26.** टी-कोशिकाओं, बी-कोशिकाओं, प्राकृतिक रूप से नष्ट करने वाली कोशिकाओं और मनस्तंत्रिका प्रतिरक्षा विज्ञान की भूमिका का उल्लेख करते हुए दबाव और प्रतिरक्षक तंत्र का संबंध स्पष्ट कीजिए। *4*

**27.** दुश्चिंता विकारों के विविध प्रकारों का वर्णन कीजिए। *4*

## खण्ड ङ

**28.** (क) मनोविज्ञान के क्षेत्र में रॉबर्ट स्टर्नबर्ग का नाम अग्रगण्य है। उनके अनुसार बुद्धि को परिभाषित कीजिए तथा उनके द्वारा प्रतिपादित बुद्धि के तीन प्रकारों का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए। *6*

**अथवा**

(ख) बुद्धि परीक्षण कई प्रकार के होते हैं। परीक्षणों को देने की प्रक्रिया, परीक्षण के एकांशों के स्वरूप और उनके सांस्कृतिक प्रभाव के आधार पर उन्हें वर्गीकृत किया जा सकता है। प्रत्येक प्रकार की उसके अर्थ सहित व्याख्या कीजिए। *6*

## SECTION D

**24.** (a) Howard Gardner proposed theory of multiple intelligences that interact and work together to find a solution to a problem. Identify and explain four such types. *4*

**OR**

(b) Psychological attributes are not linear or unidimensional. They are complex and expressed in terms of dimensions. Elaborate any four domains of psychological attributes. *4*

**25.** How is the Indian view of the self different from the Western view of the self ? *4*

**26.** Identify the connection between stress and immune system, specifying the roles of T-cells, B-cells, natural killer cells and psychoneuroimmunology. *4*

**27.** Describe different types of anxiety disorders. *4*

## SECTION E

**28.** (a) Robert Sternberg is a pioneering figure in the field of Psychology. Define intelligence according to him and illustrate the three types of intelligence he identified. *6*

**OR**

(b) Intelligence tests are of several types. They can be classified based on their administration procedure, the nature of items used and their cultural impact. Explain each type with its meaning. *6*

**29.** (क) व्यवहारवादी और मानवतावादी विचारधाराएँ व्यक्तित्व को अलग-अलग तरह से देखती हैं। दोनों विचारधाराओं को संक्षेप में समझाइए। *6*

**अथवा**

(ख) व्यक्तित्व के आकलन की अलग-अलग विधियाँ क्या हैं ? प्रत्येक विधि में प्रयोग होने वाले उपकरणों, परीक्षणों और तकनीकों के विषय में बताइए। *6*

## खण्ड च

### (व्यक्ति अध्ययन – 1)

*निम्नलिखित व्यक्ति अध्ययन को पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों **(प्र. 30 और 31)** के उत्तर दीजिए :*

25 वर्ष के कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र अनिल को उसके माता-पिता द्वारा मनोचिकित्सा बाह्य रोगी विभाग में लाया गया। पिछले साल से वे अनुभव कर रहे थे कि अनिल अत्यधिक अन्यमनस्क हो गया है और उसने अपने मित्रों से मिलना भी बंद कर दिया था। वह अकसर अपने कमरे में अकेले में खुद से बातें करता रहता और बेवजह हँसता रहता।

अनिल ने शिकायत की कि वह ऐसी आवाज़ें सुन सकता है जो उसकी गतिविधियों पर चर्चा करती हैं और कभी-कभी उसे आदेश भी देती है, जबकि प्रत्यक्ष में वहाँ कोई नहीं होता था। वह अपने दैनिक कार्यों में बहुत कम रुचि दिखाता था और उसमें भावात्मक अभिव्यक्ति की भी कमी हो गई थी। शायद ही कभी वह मुस्कुराता था या उत्साह दिखाता था। उसकी बातें संक्षिप्त व विस्ताररहित हो गई, प्राय: वे एक-शब्द में उत्तर देने तक सीमित हो गई।

**30.** अनिल द्वारा अनुभव किए जा रहे विभ्रम के प्रकार की पहचान कीजिए। *1*

**31.** मनोविदलता के दो सामान्य नकारात्मक लक्षणों का उल्लेख कीजिए। *2*

**29.** (a) Personality is viewed differently by behavioural and humanistic schools of thought. Briefly explain both schools of thought. *6*

**OR**

(b) What are the different ways to assess personality ? Specify the tools, tests and techniques used in each method. *6*

## SECTION F

### (Case Study – 1)

*Read the Case Study given below and answer the questions* ***(Q. 30 and 31)*** *that follow :*

Anil, a 25-year-old college student, was brought to the psychiatric outpatient department by his parents. Over the past year, they observed that Anil had become increasingly withdrawn and had stopped meeting his friends. He often stayed alone in his room, speaking to himself and laughing without any apparent reason.

Anil complained that he could hear voices discussing his actions and sometimes giving him commands, even when nobody was around. He also showed little interest in daily activities and displayed a lack of emotional expression, rarely smiling or showing enthusiasm. His speech became brief and lacked detail, often limited to short, one-word answers.

**30.** Identify the type of hallucination Anil is experiencing. *1*

**31.** Mention two common negative symptoms of schizophrenia. *2*

**(व्यक्ति अध्ययन – 2)**

*निम्नलिखित व्यक्ति अध्ययन को पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों **(प्र. 32 और 33)** के उत्तर दीजिए :*

22-वर्षीय कॉलेज छात्रा अनन्या को दो साल पूर्व एक गंभीर विकार से ग्रस्त पाया गया। दवा और चिकित्सा से उसके लक्षणों को नियंत्रित करने के बाद उसके चिकित्सक ने उसे पुन:स्थापन कार्यक्रम में शामिल होने का सुझाव दिया। इस कार्यक्रम में अनन्या व्यावसायिक चिकित्सा में उपस्थित रही, सामाजिक कौशल प्रशिक्षण में भाग लिया और व्यावसायिक प्रशिक्षण में नामांकन करवाया। उपर्युक्त सभी ने उसकी सहायता की।

**32.** पुन:स्थापन शब्द की व्याख्या कीजिए। *1*

**33.** ऐसा पाया गया है कि व्यावसायिक चिकित्सा, सामाजिक कौशल प्रशिक्षण एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण अत्यंत प्रभावशाली हैं। किन्हीं दो को स्पष्ट कीजिए। *2*

**(Case Study – 2)**

*Read the Case Study given below and answer the questions* ***(Q. 32 and 33)*** *that follow :*

Ananya, a 22-year-old college student, was diagnosed with a severe disorder two years ago. After her symptoms were brought under control with medication and therapy, her doctors suggested that she join a rehabilitation program. As part of this program, Ananya attended occupational therapy, participated in social skills training and enrolled in vocational therapy. All the above helped her.

**32.** Explain the term rehabilitation. *1*

**33.** It has been observed that occupational therapy, social skills training and vocational therapy are very effective. Elaborate on any two. *2*